>

Title: Need to take suitable step for rehabilitation of Jhuggi-Jhopri clusters residents presently occupying land owned by the Mumbai Airport Authority.

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): मुम्बई एयरपोर्ट अथॉरिटी की तकरीबन 175 एकड़ जमीन पर कम से कम 80 हजार से भी ज्यादा झुग्गी-झोंपड़ पट्टियां बसी हुई हैं । पिछले 50 वर्षों से भी ज्यादा समय से बसी हुई इन झोंपड़-पट्टियों में अनेक प्राथमिक सुविधाओं की समस्या है । जैसे शौचालय, पीने का पानी, रास्ते एवं अन्य सुविधा न होने की वजह से बस्ती में रहने वाले लोगों को बहुत परेशानी सहनी पड़ती है । इन झुग्गी-झोंपड़ पट्टियों की वजह से विमान सेवा में भी बाधा आती है । इनके पुनर्वास करने की योजना केन्द्र सरकार ने बनाई थी लेकिन वह सफल नहीं हो सकी ।

अतः केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार में पुनर्वास की योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार की जमीन पर बसी हुई झोंपड़-पट्टियों के पुनर्वास का निर्णय लिया है । मेरी प्रार्थना है कि मुम्बई एयरपोर्ट अथॉरिटी की जमीन पर बसी हुई झोंपड़ पट्टियों का पुनर्वास राज्य सरकार के माध्यम से जल्दी से जल्दी करने की योजना बनायें ।